11.10.2023 एसईसी: कॉर्ड: 134

प्रबंधक, सूचीकरण विभाग, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, एक्सचेंज प्लाज़ा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051 स्क्रिप सिंबल- आईटीडीसी (ईक्यू)	प्रबंधक, निगम सेवा विभाग बीएसई लिमिटेड, मुंबई फ्लोर 25, पी.जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400 001 स्क्रिप कोड : 532189

विषय: **बोर्ड के गठन में परिवर्तन**
संदर्भ: सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 अनुसूची III के विनियम 30 के तहत प्रकटीकरण निदेशालय भाग क: में परिवर्तन

महोदय/महोदया,

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 11.10.2023 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ईओएन पीएसयू-6/1/2019 में श्री मेबनशैलंग रिंजाह सिनरेम, आईएएस (एएम:2002), संयुक्त सचिव व अपर महानिदेशक (जेएस एंड एडीजी) पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार को ग्रहण करने की तारीख से 1 वर्ष की अवधि के लिए प्रबंध निदेशक-आईटीडीसी के पद पर अतिरिक्त पदभार सौंपा गया है, या पद पर नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, प्रभावी होगा।

आज 11.10.2023 से श्री मेबनशैलंग रिंजाह सिनरेम प्रबंध निदेशक - आईटीडीसी के पद का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण करेंगे।

इस नियुक्ति के साथ बोर्ड का गठन निम्नप्रकार है:

i.	डॉ. संबित पात्रा	अध्यक्ष
ii.	श्री मेबनशैलंग रिंजाह सिनरेम	प्रबंध निदेशक
iii.	श्री लोकेश कुमार अग्रवाल	निदेशक (वित्त)
iv.	सुश्री रंजना चोपड़ा	सरकारी नामिति निदेशक
v.	डॉ. मनन कौशल	स्वतंत्र निदेशक
vi.	डॉ. अंजू बाजपेयी	महिला स्वतंत्र निदेशक

2. नव नियुक्त निदेशक ने प्रकटीकरण प्रस्तुत किया है कि उन्हें सेबी के किसी भी आदेश या ऐसे किसी अन्य प्राधिकरण के आदेश के अनुसरण में निदेशक का पद धारण करने से वंचित नहीं किया गया है। इसके अलावा, उनका संक्षिप्त विवरण भी इसके साथ संलग्न है।

धन्यवाद,

कृते **भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड**

ह/-

वी के जैन
कंपनी सचिव

संक्षिप्त विवरण

श्री एम आर सिनरेम, 2002 में असम-मेघालय कैडर में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए, और वर्तमान में पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव हैं। मेघालय में दो दशकों से अधिक के अपने प्रशासनिक करियर में, उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, परिवहन विभाग, शहरी मामलों के विभाग, वाणिज्य और उद्योग विभाग में परियोजनाओं, और योजनाओं का नेतृत्व करने में कुशल प्रशासनिक विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। अपने पूर्व कार्यकाल में उन्होंने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में सचिव, मेघालय राज्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक और मेघालय में मेघा स्वास्थ्य बीमा योजना के सीईओ के रूप में भी कार्य किए हैं।

वह सरकार और उद्योग के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा देने और राज्य सरकार के लिए कई नीतियां तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न उद्योगों और उनके संघों समेत विभिन्न प्रमुख हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।

2019 में भारत सरकार के संयुक्त सचिव के रूप में सूचीबद्ध होने के बाद, श्री एम आर सिनरेम जनवरी 2023 से पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रूप में सम्मिलित किए गए।